Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 12 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 162

# प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए एक हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति का आदेश जारी

- नगर निगम रायपुर को 100 करोड़ रुपए, भिलाई को 60 करोड़ रुपए
- बिलासपुर को 50 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- दुर्ग नगर निगम को 25 करोड़ रुपए: भिलाई-चरौदा, अम्बिकापुर, जगदलपुर नगर निगमों को 20-20 करोड़ रुपए
- रिसाली, राजनांदगांव, रायगढ़ एवं कोरबा को 15-15 करोड़ रुपए

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए प्रदेश के सभी 170 नगरीय निकायों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति का आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने राजधानी रायपुर में 15 फरवरी को नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित नगरीय गौरव समागम कार्यक्रम में सभी नगरीय निकायों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग 1 हजार करोड़ रूपए की राशि देने की घोषणा की थी, जिसके तारतम्य में नगरीय प्रशासन विभाग ने स्वीकृति का आदेश जारी किया है।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप प्रदेश की 14 नगर निगमों में से नगर निगम रायपुर को 100 करोड़ रूपए, भिलाई नगर निगम को 60 करोड़ रूपए, बिलासपुर नगर निगम को 50 करोड़ रूपए, दुर्ग नगर निगम को 25 करोड़ रूपए, भिलाई-चरौदा, अम्बिकापुर, जगदलपुर नगर निगमों को 20-20 करोड़ रूपए, रिसाली, राजनांदगांव, रायगढ़ एवं कोरबा को 15-15 करोड़ रूपए, बीरगांव, धमतरी एवं चिरमिरी नगर निगम को 10-10 करोड़ रूपए की राशि विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है।

इसी प्रकार सभी 44 नगर पालिकाओं को विकास कार्यों के लिए 5-5 करोड़ रुपए और सभी 112 नगर पंचायतों को 3-3 करोड़ रूपए की स्वीकृति जारी की गई है।

**नगर निगमों और नगर पालिकाओं में बनेंगे 'अर्बन कॉटेज एण्ड सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क'-** मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं में 'अर्बन कॉटेज एण्ड सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क' विकसित करने के लिए 2-2 करोड़ रूपए की स्वीकृति जारी की गई है।

**मार्केट एरिया में लगाए जाएंगे सीसीटीवी -** स्वीकृत राशि से सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं में शहरों के मार्केट एरिया में सीसीटीवी लगाने, आधुनिक शौचालयों का निर्माण और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में कचरा एकत्रीकरण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आबादी के अनुपात में ई-रिक्शा/ई-कार्ट की व्यवस्था की जाएगी।

**सभी नगर निगमों में 50-50 स्मार्ट हेल्थ कियोस्क -** सभी नगर निगमों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप 50-50 स्मार्ट हेल्थ कियोस्क बनाए जाएंगे, इसके लिए सभी नगर निगमों को 6 लाख रूपए प्रति स्मार्ट हेल्थ कियोस्क के मान से 3-3 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति की गई है। स्मार्ट हेल्थ कियोस्क में नागरिकों को बीपी, शुगर, ब्लड टेस्ट की नि:शुल्क सुविधा मिलेगी।

**रायपुर शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम हेतु 18 करोड़ रूपए -** नगर निगम रायपुर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। रायपुर में 1000 सीट शहरी महिला आजीविका केन्द्र प्रारंभ किया जाएगा, साथ ही युवाओं के रोजगार के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम रायपुर में अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ बनाया जाएगा, रायपुर शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु ड्रेनेज सिस्टम के लिए 18 करोड़ रूपए तथा जी-20 समिट की तैयारियों के लिए 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि से रायपुर के फूल चौक से आजाद चौक मार्ग के शेष भाग का चौड़ीकरण और यहां पर फ्लाईओवर का निर्माण भी किया जाएगा।

**रायगढ़ की सडक़ों के लिए 7 करोड़ रूपए -** रायगढ़, राजनांदगांव, रिसाली, कोरबा को विकास कार्यों के लिए 15-15 करोड़ रूपए की राशि की मंजूरी दी गई है। नगर निगम रायगढ़ शहर की सडक़ों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 7 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

**हॉस्पिटल सुपेला के आधुनिकीकरण हेतु 7 करोड़ रूपए-** नगर निगम भिलाई के लिए 60 करोड़ रुपए की स्वीकृत दी गई है। इस राशि में से युवाओं के रोजगार हेतु नगर निगम भिलाई में अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ हेतु 10 करोड़ रुपए, भिलाई में विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन के लिए 20 करोड़ एवं हॉस्पिटल सुपेला के आधुनिकीकरण हेतु 7 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लैंण्ड फॉर जॉब स्कैम: डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को सीबीआई ने किया तलब

**पटना (आरएनएस)।** सीबीआई ने नौकरी के बदले जमीन देने के मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव को आज तलब किया है। सीबीआई द्वारा यह उन्हें भेजा गया दूसरा समन है, पहला समन 4 फरवरी को भेजा गया था। ये जानकारी एजेंसी के अधिकारी ने दी। लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उनपर सीबीआई का शिकंजा कसता दिख रहा है। लालू यादव और राबड़ी के बाद तेजस्वी यादव से भी इस मामले में सीबीआई पूछताछ करेगी। इसके लिए सीबीआई की ओर से तेजस्वी यादव को समन जारी किया गया है। इसके पहले 4 फरवरी को भी केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी यादव को समन भेजा था। लेकिन, किसी वजह से वह सीबीआई के सामने पेश नहीं हुए। इस बीच सीबीआई ने सोमवार को राबड़ी देवी से पटना में और मंगलवार को मीसा भारती के आवास पर दिल्ली में राजद प्रमुख लालू यादव से पूछताछ की थी।

### ईडी के समक्ष आज पेश होंगी के. कविता

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में बीआरएस की विधान परिषद सदस्य के. कविता आज ईडी के समक्ष पेश होंगी। इसी के मद्देनजर शनिवार को दिल्ली में सीएम चंद्रशेखर राव के आवास के बाहर समर्थक भी सुबह से ही खड़े दिखाई दिए। गौरतलब है कि दिल्ली के आबकारी नीति मामले की जांच भारत राष्ट्र समिति बीआरएस की विधान परिषद सदस्य के कविता तक पहुंची है। ईडी ने के कविता को इस मामले में पूछताछ के नोटिस भेज 9 मार्च को बुलाया था। लेकिन 10 मार्च को कविता का दिल्ली में धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम था। इसके चलते के कविता ने ईडी से निवेदन किया था कि उन्हें 16 मार्च को बुलाया जाए। लेकिन ईडी ने कविता को 11 मार्च को पेश होने के लिए कहा। इससे पहले 9 मार्च को कविता ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि ईडी तो हम से पूछताछ करने की ऐसी क्या जल्दी है, ऐसी क्या आफत आने वाली है।

### ओयो रुम्स के फाउंडर के पिता की 20 वीं मंजिल से गिरकर मौत, इसी हफ्ते हुई थी बेटे की शादी

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** ओयो रूम्स के फाउंडर रितेश अग्रवाल के पिता रमेश अग्रवाल की मौत हो गई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार रमेश एक ऊंची इमारत की 20 वीं मंजिल की बालकनी से नीचे गिर गए और गिरते ही उनकी मौत हो गई। रितेश की शादी इसी हफ्ते हुई थी। शादी के महज कुछ ही दिनों बाद आज उनके पिता की मौत हो गई। जिस समय ये हादसा हुआ उस वक्त रमेश अग्रवाल घर की बालकॉनी में थे, साथ ही बताया जा रहा है परिवार के सदस्य भी उस पल वहां मौजूद थे। मौके पर पहुंची पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

## पाक की बड़ी साजिश नाकाम! जम्मू में घर निर्माण के दौरान मिले 5 ग्रेनेड



**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में एक घर से खुदाई के दौरान 5 ग्रेनेड मिले है। यह घटना जसविंदर सिंह निवासी घरोटा के गांव छंगराल केरी में सामने आई है। जानकारी के अनुसार जसविंदर सिंह अपनी भूमि पर निर्माण कार्य के लिए नींव की खुदाई कर रहा था। इस दौरान खुदाई करते वक्त उसकी जमीन से एक सफेद बोरी बरामद हुई। बोरी को खोला तो उसमें से 5 ग्रेनेड मिले।

पुलिस ने बम निरोधक दस्ते ने सभी ग्रेनेड को निष्क्रिय कर दिया है। बरामद हुए ग्रेनेड चीन में निर्मित एचई-36 है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान ने कोई बड़ी साजिश रची थी। एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा ने बताया कि ग्रेनेड के टुकड़ों को जांच के लिए एफएसएल में भेजा जाएगा ताकि यह पता चल पाए कि ग्रेनेड कितने पुराने है। इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि इन ग्रेनेड को जमीन के अंदर किस ने छुपा कर रखा हुआ था।

एसएचओ जोगिंदर सिंह चिब ने मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करके बोरी के अंदर से बरामद सभी ग्रेनेड को अपने कब्जे में ले लिया। ग्रेनेड की हालत से लग रहा था कि वे काफी वर्षों से भूमि के नीचे दबे हुए थे।

वहीं, इलाके में ग्रेनेड बरामद होने के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत है। किसी को इस बात की भनक भी नहीं थी कि जमीन में पांच ग्रेनेड रखे हैं। फिलहाल ये पता चला है कि ये ग्रेनेड कई साल से जमीन के अंदर ही दबे हैं।

## शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में 27 साल बाद सुनाई दी बाघ की दहाड़



**शिवपुरी (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित माधव नेशनल पार्क में दो बाघ के छोडऩे से अब अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर पहचान मिली है। इतना ही नहीं 27 साल बाद इस माधव नेशनल पार्क में बाघों की फिर दहाड़ सुनाई दी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में बाघ का एक जोड़ा छोड़ा। इस मौके पर मुख्यमंत्री चौहान ने कहा है कि शिवपुरी ऐतिहासिक प्राचीन पर्यटन नगरी है। नेशनल पार्क में आज दो बाघ के छोडऩे से अब शिवपुरी अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर पहचाना जाएगा। पर्यावरण-संरक्षण एवं संवर्धन के लिये बाघों का संरक्षण और उनकी सुरक्षा भी करनी होगी। उन्होंने कहा कि शिवपुरी में बाघों के आने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और देशी एवं विदेशी पर्यटकों के आने से जिले की इकोनॉमी भी बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने बाघ मित्रों से संवाद करते हुए कहा कि बांधवगढ़ नेशनल पार्क से मादा और सतपुड़ा नेशनल पार्क से नर बाघ शिवपुरी लाया गया है। शीघ्र ही तीन बाघ और लाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बाघ मित्रों से कहा कि हमें बाघ और वन्य-प्राणियों के संरक्षण के लिये लोगों को जागरूक कर बताना होगा कि वन्य-प्राणी हमारे मित्र है और हमें उन्हें संरक्षण देना है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बाघ प्रोजेक्ट में बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ अधो-संरचना के कार्य भी किए जायेंगे। साथ ही गाइड, होटल एवं टैक्सी संचालकों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। होम-स्टे को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे बाहर से आने वाले सैलानियों को प्राकृतिक एवं खुले वातावरण में बाघ एवं वन्य-प्राणियों को देखने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के लिए बड़ी खुशी की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कूनो नेशनल पार्क में चीते छोड़े थे। आज शिवपुरी के नेशनल पार्क में दो बाघ छोड़े गए हैं।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने कहा कि 27 वर्षों के बाद माधव नेशनल पार्क में अब बाघों की दहाड़ सुनने के साथ सैलानियों को उन्हें देखने का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिवपुरी सहित अंचल के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है और क्षेत्र के लिए गौरव की बात भी है।

उन्होंने कहा कि उनके पूज्य पिताजी स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर मुख्यमंत्री चौहान के प्रयासों से आज माधव नेशनल पार्क में पुन: बाघों को विस्थापित किया गया है। दूसरे चरण में तीन बाघ और लाए जाएंगे।

## ऋषिकेश में डूबा बिहार का छात्र, खोजबीन में लगी है एसडीआरएफ की टीम

- मेधावी छात्र था अकिलपुर का आदित्य राज, टीसीएस कंपनी में लगी थी नौकरी
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रुडी ने की बात
- बिहार और बिहारियों की सहायता के लिए हर समय तत्पर हूँ : राजीव प्रताप रुडी



**ऋषिकेश (आरएनएस) ।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में बिहार के सारण जिले का छात्र की नदी में डूबने की सूचना पर छपरा के सांसद राजीव प्रताप रुडी उत्तराखंड पहुंच गये है। 23 साल का आदित्य राज सारण के अकिलपुर से उत्तराखंड आकर आकर पढ़ाई कर रहा था। होली के दिन 8 मार्च को आदित्य अपने दोस्तों के साथ ऋषिकेश घुमने गया था जहां एक नदी में नहाने के दौरान डूब गया। परिजनों ने इसकी सूचना सांसद रुडी के कंट्रोल रूम में दी। उस समय सांसद भी सारण में ही मौजूद थे। सूचना मिलते ही स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रुडी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व एनडीआरएफ के डीजी से बात किये और अगली ही फ्लाईट से स्वयं भी उत्तराखंड पहुंच गये है। इस संदर्भ में राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि मेरे द्वारा स्थापित सांसद कंट्रोल रूम केवल अपने क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए ही नहीं बल्कि उसके माध्यम से बिहार के किसी भी क्षेत्र के लोग उचित परामर्श और हर संभव सहायता ले सकते है। उन्होंने कहा कि मै सारण अपने क्षेत्र में ही था इसी बीच यह दु:खद सूचना मिली कि उत्तराखंड में रहकर पढ़ाई करने वाले अकिलपुर दियारा के छात्र आदित्य राज जिसकी टाटा जैसी बड़ी कंपनी में प्लेसमेंट भी हो गया था और चार माह बाद ज्वाइन भी करना था उसके साथ इस प्रकार की दुर्घटना घट गई।

सूचना मिलते ही सांसद देहरादुन पहुंचे और उत्तराखंड के शिवपुरी में मौजूद छात्र के चाचा से मुलाकात की और सांत्वना दिया। उन्होंने उत्तराखंड के डीजी व एसडीआरएफ के अधिकारियों व स्थानीय पुलिस प्रशासन से बात कर नदी में चल रहे सर्च ऑपरेशन को तेज करवाया। विदित हो कि सारण के अकिलपुर दियारा के रहने वाले अरूण सिंह का पुत्र आदित्य राज उत्तराखंड में रहकर डीआइटी में पढ़ाई कर रहा था। आदित्य अंतिम वर्ष का छात्र था और इस बीच उसकी मेधाविता को देखते हुए उसका चयन टीसीएस में हो चुका था। आदित्य का कोर्स 4 माह ही बचा था जिसके बाद उसे टीसीएस में ज्वाइन करना था। इसी बीच होली की खुशी मनाने आदित्य अपने सात दोस्तों के साथ रिषिकेश गया था जहां एक पहाड़ी नदी में स्नान करने के दौरान आदित्य राज और आगरा निवासी उसका दोस्त उत्कर्ष नदी में डूब गये।

सांसद ने बताया कि सांसद कंट्रोल रूम को मिली जानकारी के अनुसार उनके परिजनों ने बताया कि नदी से बरामदगी नहीं हो पाई है तब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की और पुलिस प्रशासन को एक्टिव किया जिसके बाद केंद्रीय आपदा प्रबंधन के जवान डूबे हुए छात्रों की खोज में लगे है।

## बेंगलुरु में एयर एशिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, 10 मिनट पहले लखनऊ के लिए भरी थी उड़ान

**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** बेंगलुरू से लखनऊ जाने वाली एयर एशिया की फ्लाइट ने आज तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के 10 मिनट बाद केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आपात लैंडिंग की। फ्लाइट ने शनिवार सुबह करीब पौने 7 बजे उड़ान भरी थी और इसे लखनऊ में सुबह 9 बजे लैंड करना था। हालांकि, उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद इसे ग्राउंडेड कर दिया गया। घटना की पुष्टि करते हुए एआईएक्स कनेक्ट के प्रवक्ता ने कहा, 'बेंगलुरु से लखनऊ से जाने वाली फ्लाइट ढ्5-2472 को एक मामूली तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा। इस वजह से फ्लाइट बेंगलुरु लौट आई।' प्रवक्ता ने आगे कहा, 'प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।' वहीं अन्य फंक्शन को ठीक करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

लैंडिंग से पहले एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में दमकल गाडिय़ों को तैनात किया गया था। ताकि कोई हादसा होने पर उसे नियंत्रित किया जा सके। बताया जा रहा है कि फ्लाइट के इंजन-2 में ऑयल तेजी से कम हो रहा था। देखने पर पता चला कि दूसरे इंजन से तेल लीक हो रहा है। इंजन का तेल घटकर 8 क्यूटीएस हो गया था, जिसके बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराने का फैसला लिया गया।

## कैलिफोर्निया में तूफान से 13 की मौत



**सैन फ्रांसिस्को।** हाल ही में आए ऐतिहासिक तूफान के कारण दक्षिणी कैलिफोर्निया में बर्फ में दबकर 13 लोगों की मौत हो गई है। 26 फरवरी से 8 मार्च तक पहाड़ों में 13 लोगों की मौत हुई। बर्फीले तूफानों ने क्षेत्र को तबाह कर दिया।

कोरोनर ने अब तक केवल एक मौत की पुष्टि की है, जबकि आठ अन्य मौतों की जांच की जा रही है। बचाव कार्यों में भाग लेने वाले एक स्वयंसेवक मेगन वाजक्वेज ने स्थानीय केटीएलए समाचार चैनल को बताया, अभी बहुत कुछ किया जाना है।

यहां बहुत ठंड है। इसलिए अगर किसी के पास अपने घर को गर्म करने के लिए बिजली या गैस नहीं है, तो वे जम कर मर सकते हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि तीन मीटर से अधिक बर्फ ने पर्वतीय क्षेत्रों तक सडक़ मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इससे भोजन, दवा और ईंधन की आपूर्ति कम हो रही है। फंसे हुए स्थानीय लोगों को बिजली के बिना रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने 1 मार्च को क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित की।

## सुकेश चंद्रशेखर ने एलजी को लिखा पत्र, कहा- सिसोदिया तिहाड़ के वीवीवीआईपी वार्ड नंबर 9 में हैं बंद



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राष्ट्रीय राजधानी की मंडोली जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को एक पत्र लिखा है, जिसमें दावा किया कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल-1 के वार्ड नंबर 9 में बंद हैं, जो वीवीवीआईपी वार्ड है। एलजी को शुक्रवार को भेजे गए अपने पत्र में, चंद्रशेखर ने दावा किया कि वार्ड नंबर 9 हाई-प्रोफाइल वीआईपी कैदियों के लिए विशेष वार्ड है, जो 20,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें लकड़ी के फर्श के साथ पांच सेल हैं, जिसमें घूमने के लिए विशेष उद्यान, विशेष बैडमिंटन कोर्ट और भोजन क्षेत्र सहित सभी सुविधाएं हैं।

चंद्रशेखर ने अपने पत्र में दावा किया- इस वार्ड में अब तक सुब्रत रॉय, सुरेश कलमाड़ी, अमर सिंह, ए. राजा और हाल ही में यूनिटेक के संजय चंद्रा जैसे वीआईपी/हाई-प्रोफाइल कैदी रहे हैं। मुझे भी सत्येंद्र जैन (दिल्ली के पूर्व जेल मंत्री) के निर्देश पर 2017 से 2018 तक इस वार्ड में रखा गया था।

उन्होंने यह भी दावा किया कि सिसोदिया के साथ, केवल कुछ पुराने कैदियों और सेवादारों को उनकी सेवा के लिए वार्ड में रखा गया है, न कि कोई गैंगस्टर या गंभीर अपराधी जैसा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया है। चंद्रशेखर ने पत्र में लिखा- यह सब चालाकी और झूठ है। इस वीवीवीआईपी वार्ड में सिसोदिया का अच्छी तरह से ख्याल रखा जा रहा है, और यह सभी आरोप (आप द्वारा) अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन और जेल प्रशासन द्वारा सुनियोजित और रचे गए हैं। जेल प्रशासन आप के हाथों की कठपुतली की तरह है, मुख्य रूप से सत्येंद्र जैन जो कई जांचों के बावजूद अभी भी जेल कर्मचारियों को नियंत्रित करते हैं।

चंद्रशेखर ने लिखा- सर, मैं न्याय के हित में आपके तत्काल हस्तक्षेप के लिए विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं, क्योंकि मैं आप के खिलाफ गवाह हूं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि सिसोदिया को वार्ड नंबर 9 में वर्तमान में दी जा रही वीवीवीआईपी सुविधाओं की तत्काल जांच की जाए और मेरी सुरक्षा के हित में जेल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि सत्येंद्र जैन के खिलाफ जांच शुरू करें ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह अभी भी जेल प्रशासन को नियंत्रित करने के लिए अपनी शक्ति और प्रभाव का उपयोग कैसे कर रहे हैं, भले ही उन्होंने (जेल मंत्री के रूप में) इस्तीफा दे दिया है और न्यायिक हिरासत में हैं।